हाईकोर्ट के नाम पर फर्जी दस्तावेज पेश करने का मामला

# पांच आरोपियों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के नाम से कथित रूप से फर्जी दस्तावेज तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने के मामले में पांच आरोपियों को राहत नहीं मिली है। दशम अपर सत्र न्यायाधीश संजोग सिंह वाघेला की अदालत ने शिल्पा पाण्डेय, मधुलता दुबे, शिवांक दुबे, शिवानी चतुर्वेदी और अनूप चतुर्वेदी की अग्रिम जमानत याचिकाएं खारिज कर दी हैं।



अभियोजन के अनुसार, जबलपुर निवासी वीरेन्द्र पाण्डेय ने 15 मई 2023 को रजिस्ट्रार जनरल, मध्यप्रदेश हाईकोर्ट को शिकायत प्रस्तुत कर आरोप लगाया था कि आरोपियों ने आपराधिक पुनरीक्षण प्रकरण क्रमांक 523/19 में हाईकोर्ट के नाम से कूटरचित दस्तावेज तैयार कर उनका उपयोग किया और उससे अनुचित लाभ प्राप्त किया। शिकायत के बाद की गई जांच में कथित रूप से नोटिस और एक्नॉलेजमेंट की कूट रचना सामने आई, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

### हाईकोर्ट के आदेश के बाद दोबारा दर्ज हुई एफआईआर

मामले में फरियादी ने बाद में जेएमएफसी न्यायालय के समक्ष धारा 156(3) के तहत आवेदन प्रस्तुत किया था। न्यायालय के निर्देश पर थाना ओमती में एफआईआर दर्ज की गई, लेकिन शिकायतकर्ता ने इसे त्रुटिपूर्ण बताते हुए हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की। हाईकोर्ट के 8 अप्रैल 2026 के आदेश के अनुपालन में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 419, 420, 467, 468, 471, 120-बी और 34 के तहत नए सिरे से प्रकरण दर्ज किया। इसके बाद दायर अग्रिम जमानत आवेदन पर सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के उपरांत अदालत ने याचिका निरस्त कर दी। शिकायतकर्ता की ओर से अधिवक्ता राजकुमार सोनी, आदर्श सोनी, राकेश सोनी और निधि कुशवाहा ने पैरवी की।

## दुष्कर्म पीड़ित गर्भवती नाबालिग की पेश करें मेडिकल रिपोर्ट : हाई कोर्ट

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस राजेंद्र कुमार वाणी की सिंगल बेंच ने दुष्कर्म पीड़ित नाबालिग किशोरी के गर्भपात की अनुमति के मामले में मेडिकल रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई पांच जून को नियत की गई है। खरगौन निवासी दुष्कर्म पीड़िता के गर्भवती होने के संबंध में संबंधित जिला न्यायालय के द्वारा हाई कोर्ट को सूचित किया गया था। हाई कोर्ट संज्ञान लेते हुए मामले की सुनवाई संज्ञान याचिका के रूप में कर रहा है। हाई कोर्ट ने याचिका की सुनवाई करते हुए शासकीय अधिवक्ता को निर्देशित किया है कि पीड़िता की मेडिकल जांच कर उसकी रिपोर्ट न्यायालय में पेश करें।



तंबाकू के सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों संबंधी लोगों को दी गई जानकारी

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता रैली आयोजित

**जबलपुर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर अखिल विश्व गायत्री शक्ति पीठ, जबलपुर द्वारा रेलवे स्टेशन परिसर में तंबाकू निषेध जनजागरण रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य आमजन को तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ जीवन के लिए तंबाकू त्यागने हेतु प्रेरित करना था।

यह जागरूकता रैली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 1 से प्रारंभ होकर प्लेटफॉर्म क्रमांक 2, 3, 4, 5 एवं 6 तक निकाली गई। रैली के दौरान गायत्री शक्ति पीठ के कार्यकर्ताओं ने यात्रियों एवं आम नागरिकों को तंबाकू सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों, विशेष रूप से कैंसर, हृदय रोग तथा श्वसन संबंधी समस्याओं के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर लोगों के बीच जागरूकता पर्चों का वितरण भी किया गया तथा उनसे तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों का सेवन छोड़ने की अपील की गई। कार्यकर्ताओं ने नागरिकों से स्वस्थ समाज के निर्माण में सहयोग करने तथा तंबाकू मुक्त जीवन अपनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में गायत्री शक्तिपीठ, जबलपुर के ट्रस्टी श्री ब्रज बिहारी शर्मा, व्यवस्थापक श्री प्रमोद राय, व्यसन मुक्ति अभियान प्रभारी श्री बाबूलाल वर्मा, श्री हेमंत विश्वकर्मा , प्रकाश सेन जी श्री हेमंत बड़गैया, डॉ डी डी चौकसे सहित अनेक गणमान्य सदस्य एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

गायत्री शक्ति पीठ के पदाधिकारियों ने कहा कि तंबाकू सेवन न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसलिए सभी नागरिकों को तंबाकू से दूर रहकर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनानी चाहिए।

# मनजीत सिंह पुनः बने मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन के ऊर्जा विभाग ने मनजीत सिंह को एक बार फिर मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक पद पर नियुक्त किया है। जारी आदेश के अनुसार उन्हें कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। ऊर्जा विभाग द्वारा 23 मई 2026 को जारी आदेश में बताया गया कि कंपनी के आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन की कंडिका 58 (ई) के प्रावधानों के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह नियुक्ति की गई है। उल्लेखनीय है कि मनजीत सिंह को इससे पूर्व मई 2020 में पहली बार और मई 2023 में दूसरी बार प्रबंध संचालक के रूप में नियुक्त किया गया था। अब वे तीसरी बार इस पद की जिम्मेदारी संभालेंगे।



### शिकायतकर्ता पर 1 दर्जन है मामले दर्ज

**सिहोरा।** पुलिस का कहना है कि मंगल चौधरी के खिलाफ डकैती सहित गंभीर धाराओं के करीब 12 मामले दर्ज हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा के मुताबिक शिकायत मिलने पर एफआईआर दर्ज कर ली गई थी, लेकिन शिकायतकर्ता कई अज्ञात व्यक्तियों के नाम रिपोर्ट में शामिल कराने की जिद कर रहा था। पुलिस का यह भी कहना है कि वह थाने के भीतर मोबाइल से वीडियो बनाकर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचा रहा था। अधिकारियों के अनुसार दोनों पक्षों के आरोपों को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच प्रारंभ कर दी गई है।

## सिहोरा पुलिस पर अभद्रता के आरोप

**जबलपुर।** सिहोरा थाने में पदस्थ एक उपनिरीक्षक और पुलिसकर्मियों पर शिकायत दर्ज नहीं करने तथा महिला से अभद्र व्यवहार करने के आरोप लगाए गए हैं। प्रियदर्शनी कॉलोनी निवासी मंगल चौधरी ने पुलिस अधिकारियों को शिकायत सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। वहीं पुलिस ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा है कि शिकायतकर्ता के खिलाफ पहले से कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं और मामले की जांच की जा रही है। मंगल चौधरी के अनुसार 31 मई की रात वह बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार डंपर उसके बेहद करीब से गुजरा, जिससे वह दुर्घटना का शिकार होते-होते बचा। आरोप है कि चालक को रोककर विरोध जताने पर वाहन में सवार कुछ लोगों ने उसके साथ मारपीट कर दी। घायल अवस्था में वह अपनी पत्नी के साथ सिहोरा थाने पहुंचा, लेकिन पुलिस ने शिकायत दर्ज करने के बजाय दुर्व्यवहार किया।

### जबलपुर पहुंचे जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के अधिकारी

**जबलपुर।** दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोहर झांझरी, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश कासलीवाल, अमित कासलीवाल राष्ट्रीय परामर्श दाता, अश्विन कासलीवाल राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष फेडरेशन का संस्कारधानी में अल्प प्रवास हुआ। जाबालीपुरम के अध्यक्ष आलोक जैन, हेमंत जैन रीजन सचिव व सदस्यों के साथ गंगानगर स्थित जैन मंदिर दर्शनार्थ हेतु गये तत्पश्चात महाकौशल विंध्य रीजन के अंतर्गत सभी ग्रुपों ने राष्ट्रीय पदाधिकारियों के सानिध्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, इसी तारतम्य में दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप संस्कारधानी ने वृद्धाश्रम में राष्ट्रीय पदाधिकारियों के सानिध्य में 90 से अधिक वृद्धजनों को प्रातःकालीन नाश्ता एवम् सुविधा हेतु व्हील चेयर प्रदान की गई। दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप जबलपुर नगर ने मढिया जी तीर्थ में उन सभी के सानिध्य में पौधारोपण किया गया। महाकौशल विंध्य रीजन की कार्यकारिणी मीटिंग में राष्ट्रीय पदाधिकारी मनोहर झांझरी राष्ट्रीय अध्यक्ष फेडरेशन, कमलेश कासलीवाल पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, अमित कासलीवाल राष्ट्रीय परामर्श दाता फेडरेशन, अश्विन कासलीवाल राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष फेडरेशन सभी राष्ट्रीय पदाधिकारियों एवं ग्रुप के अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष ने माला दुपट्टा से सम्मान किया गया। सभी राष्ट्रीय पदाधिकारियों व सीए मनोज जैन रीजन अध्यक्ष, निवर्तमान अध्यक्ष प्रदीप जैन, पूर्व अध्यक्ष रश्मि अमित पारस, प्रवीण सिंघई अतिरिक्त सचिव, प्रशांत जैन अतिरिक्त महासचिव, सुबोध कामरेड कोषाध्यक्ष मढिया को तीर्थ एवं संजय चौधरी उपाध्यक्ष मढियाजी तीर्थ की विशेष उपस्थिती रहीं।

# साधु संतों की सुरक्षा हेतु अधिनियम बनाया जाये

**जबलपुर।** विगत दिनों रीवा में घटित जैन साध्वियों के साथ वाहन दुर्घटना एवं गुजरात के राजकोट में घटित घटना को लेकर साधु संतों की सुरक्षा हेतु अल्पसंख्यक कांग्रेस द्वारा राज्यसभा सांसद विवेक तनखा से भेंट कर ज्ञापन दिया।ज्ञापन में मांग की गई कि राष्ट्रीय स्तर पर साधु संतों की सुरक्षा को लेकर विशेष अधिनियम बनाया जाये। इस अवसर पर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के सरदार दलवीर सिंह जस्सल, सुमन कुमार जैन, राजकुमार जैन मामा, हाजी मुईन खान, एड. हाजी अयाज खान, फैजान कुरैशी, एड. आसिफ मंसूरी, शाकिर कुरैशी, हाजी हामिद खान, दिलावर खान, अशोक यादव, श्याम सोलंकी, अनिल गुप्ता, अतुल जोसफ, कृष्ण गुप्ता, संजय वर्मा आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



पूरी कार्रवाई में लगा 8 घंटे का समय

# खुदाई में मिले जिंदा बम को सेना ने किया निष्क्रिय

**जबलपुर।** डुमना एयरपोर्ट के समीप गधेरी गांव में निर्माणाधीन मकान की खुदाई के दौरान जमीन से निकले जिंदा बम को सेना और सेंट्रल ऑर्डिनेंस डिपो (सीओडी) की टीम ने सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर दिया। बम मिलने के बाद प्रशासन, पुलिस और सेना के बीच त्वरित समन्वय से पूरी कार्रवाई करीब 7 से 8 घंटे में पूरी कर ली गई, जिससे संभावित बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार गधेरी निवासी सुनील यादव के प्लॉट पर भवन निर्माण के लिए पिलर की खुदाई चल रही थी। इसी दौरान करीब तीन से चार फीट नीचे एक संदिग्ध धातु की वस्तु मिली। प्रारंभ में इसे कबाड़ समझा गया, लेकिन आकार देखकर संदेह होने पर पुलिस को सूचना दी गई। जांच में यह जिंदा यूएक्सओ बम निकला। एसपी संपत उपाध्याय की रिपोर्ट पर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने रक्षा मंत्रालय को पत्र भेजकर तत्काल कार्रवाई का अनुरोध किया। अनुमति मिलने के बाद सेना और सीओडी की टीम ने बम को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर नियंत्रित विस्फोट के माध्यम से डिफ्यूज कर दिया।



### 50 मीटर तक थी मारक क्षमता

सूचना मिलते ही सीएसपी रांझी सतीश साहू, खमरिया थाना पुलिस और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा। जांच में सामने आया कि बम का वजन करीब 12 से 15 किलो था और इसकी मारक क्षमता लगभग 50 मीटर तक हो सकती थी। सुरक्षा के मद्देनजर आसपास के क्षेत्र को खाली कराया गया। अधिकारियों के अनुसार बम मिलने का स्थान आयुध निर्माणी खमरिया से करीब छह किलोमीटर दूर है। बम सक्रिय अवस्था में होने के कारण उसे लंबे समय तक रखना जोखिमपूर्ण था, इसलिए प्राथमिकता के आधार पर उसे निष्क्रिय कराया गया।

पाटन के वेयर हाउस के पास मिला खून से सना शव

# दोस्त को छोड़ने निकले युवक की हत्या

**जबलपुर।** पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम नरगुवा तेंदूखेड़ा में सोमवार सुबह एक युवक की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान खिल्लू आदिवासी के रूप में हुई है। युवक का शव गांव स्थित वेयर हाउस के समीप रक्तरंजित अवस्था में पड़ा मिला, जिसके शरीर पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए हैं। प्रारंभिक तौर पर धारदार हथियारों से हमला कर हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी। परिजनों के अनुसार रविवार दोपहर एक युवक खिल्लू से मिलने उसके घर आया था। इसके बाद खिल्लू यह कहकर घर से निकला कि वह अपने एक मित्र को पाटन छोड़ने जा रहा है और जल्द लौट आएगा। देर रात तक उसके घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की और परिचितों से भी संपर्क किया, लेकिन उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी। घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस और फोरेंसिक टीम भी घटनास्थल पहुंची और आवश्यक साक्ष्य जुटाए।



निवेश और फर्जी लिंक के जरिए 5.33 लाख की ठगी

# इंस्टाग्राम रील देखना और बच्चों का गेम खेलना पड़ा महंगा

**जबलपुर।** शहर में साइबर ठगी के दो अलग-अलग मामलों में जालसाजों ने निवेश पर भारी मुनाफे और मोबाइल लिंक के जरिए दो लोगों से कुल 5 लाख 33 हजार 413 रुपये की धोखाधड़ी कर ली। गोहलपुर और कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गोहलपुर थाना पुलिस के अनुसार त्रिमूर्ति नगर निवासी 53 वर्षीय सेल्समैन चंद्रकांत माव सोशल मीडिया पर इंस्टाग्राम रील देख रहे थे। इसी दौरान उन्हें एक रील दिखाई दी, जिसमें 6 हजार रुपये निवेश कर तीन घंटे में 85 हजार रुपये तक लाभ कमाने का दावा किया गया था। रील में दिए गए निर्देशों के अनुसार उन्होंने टेलीग्राम पर "लक्ष्मी इनकम स्ट्रेटजी" और बाद में "लक्ष्मी इंडिया" नामक ग्रुप जॉइन किया।

ग्रुप संचालकों ने उन्हें विभिन्न बहानों से रकम जमा करने के लिए प्रेरित किया। पीड़ित ने 21 अप्रैल से 27 अप्रैल 2026 के बीच अलग-अलग खातों और यूपीआई आईडी पर कई किश्तों में राशि भेजी। आरोपियों ने कभी वेरिफिकेशन, कभी राउंडऑफ राशि, कभी अमाउंट क्लियरेंस तो कभी करेंसी एक्सचेंज के नाम पर पैसे जमा कराए। इस तरह उनसे कुल 1 लाख 2 हजार 125 रुपये ठग लिए गए।

इसके बाद भी जालसाजों ने इंटरनेशनल मनी एक्सचेंज प्लेटफॉर्म चार्ज के नाम पर 36 हजार 111 रुपये और जमा करने का दबाव बनाया तथा 3 लाख 1 हजार 890 रुपये मिलने का लालच दिया। संदेह होने पर चंद्रकांत ने अतिरिक्त राशि जमा नहीं की और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। वहीं दूसरे मामले में कोतवाली थाना क्षेत्र के शीतला माई रोड, घमापुर निवासी सिरीश शर्मा ने शिकायत दर्ज कराई कि उनका मोबाइल फोन घर पर रखा था, जिसे बच्चे गेम खेलने के लिए उपयोग कर रहे थे। इसी दौरान मोबाइल पर आए एक संदिग्ध लिंक के माध्यम से साइबर ठगों ने उनके बैंक खातों तक पहुंच बना ली। जांच में सामने आया कि मोबाइल से जुड़े तीन बैंक खातों से अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 4 लाख 31 हजार 288 रुपये निकाल लिए गए। इनमें मंजूलता शर्मा के एसबीआई खाते से 90 हजार रुपये, शिव गैराज इंटरप्राइजेस के बैंक ऑफ बड़ौदा खाते से 1 लाख 96 हजार 288 रुपये तथा सिरीश शर्मा के एसबीआई खाते से 46 हजार रुपये की राशि निकाली गई। पीड़ित को जब खातों से पैसे कटने की जानकारी मिली तो उन्होंने तत्काल पुलिस से संपर्क किया। दोनों मामलों में पुलिस ने अज्ञात साइबर अपराधियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।

राज कपूरजी की पुण्यतिथि पर विशेष खबर

# राज कपूर लोगों से गर्व से कहते थे कि वे तो जबलपुर के दामाद हैं



**जबलपुर।** भारतीय हिंदी फिल्म जगत के द ग्रेट शोमैन राज कपूर वो चमकता सितारा आज भले ही इस दुनिया में नहीं हैं। लेकिन उनकी यादों की गंगा, नर्मदा नदी किनारे जबलपुर में आज भी बहती है। ये वही शहर है जहां लोग, राज कपूर को शहर का दामाद कहते थे।हिंदी फिल्म जगत के दिग्गज सबसे बड़े शो मेन अभिनेता राज कपूर पुराने जमाने की फिल्म इंडस्ट्री के नगीना थे। अपने देश ही नहीं चीन और रूस तक में लोकप्रिय रहे राज कपूर का नर्मदा किनारे बसे जबलपुर से विशेष लगाव था। आपको बताते है कि राज कपूर खुद को जबलपुर संस्कारधानी का दामाद क्यों बताते थे। जब कि राज कपूर की 12 मई 1946 में राय कर्तारनाथ की बेटी और प्रेमनाथ, राजेंद्र नाथ और नरेंद्रनाथ की बहिन कृष्णा से विवाह रीवा में हुआ था। राय कर्तारनाथ और उनके बेटे प्रेमनाथ ने जबलपुर में एम्पायर टॉकीज को स्थापित किया था। इसी एम्पायर टॉकीज से लगा हुआ प्रेमनाथ मल्होत्रा परिवार का बंगला है।लेखक और जानकार विष्णु विनोदिया बताते हैं शहर संस्कारधानी के थे दामाद राज कपूर जिस देश में गंगा बहती है, उनकी एक अन्य मशहूर फिल्म 'तीसरी कसम' (1966) की सुपरहिट फिल्म 'बॉबी' (1973) के कुछ प्रमुख दृश्यों की शूटिंग भी भेड़ाघाट में ही की गई थी शूटिंग के भी कुछ हिस्से जबलपुर के आसपास फिल्माए गए थे अनाड़ी, 420 की जबलपुर में बसी यादें, राज कपूर को जब लोग कहते थे जबलपुर के दामाद कि यह बंगला ही राज कपूर की ससुराल थी। कृष्णा और राज कपूर दोनों के परिवार पेशावर से रीवा, जबलपुर और मुंबई आए थे। कृष्णा बच्चों के साथ छुट्टी में जबलपुर आती थीं। शादी के बाद राज कपूरजी की ससुराल का प्रेमनाथ मल्होत्राजी का बंगला एम्पायर टॉकीज के बाजू से जबलपुर संस्कारधानी से गहरा लगाव गया था पांचवे दशक में मल्होत्रा परिवार में एक विवाह के अवसर पर राज कपूरजी के साथ उनके छोटे भाई शम्मी कपूर भी जबलपुर में एम्पायर टॉकीज के बंगले में आए थे। दोनों भाईयों ने मल्होत्रा परिवार के विवाह में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेकर मेहमानों का स्वागत किया था। श्रीमती कृष्णा राज कपूर छुट्टियों के बाद जब जबलपुर से वापस मुंबई जाती थीं तब परंपरा के अनुसार उनके साथ मायके वाले काफी कुछ सामान रखते थे। उनमें जबलपुर खोवा मंडी की प्रसिद्ध खोवे की जलेबी भी हुआ करती थी। राज कपूर मीठे के कम शौकीन थे। लेकिन एक खोवे की जलेबी वे अवश्य खाते थे। जब लता को भी कृष्णा राज कपूरजी ने जबलपुर कमानिया गेट खोवा मंडी की खिलाई थी जलेबी-जबलपुर से लौट रही थी कृष्णा एक बार खोवे की जलेबी लेकर आरके स्टूडियो पहुंची। उस समय एक गाने को लेकर राज कपूर और लता मंगेशकर एवं मुकेश मन्ना डे और किशोर कुमार के बीच गंभीर विचार विमर्श हो रहा था। लता मंगेशकर जी कृष्णा कपूर को भाभी कहती थीं। कृष्णा कपूर ने लता मंगेशकर को भी खोवे की जलेबी पेश की। संभवतः लता मंगेशकर ने अपने जीवन में पहली और आखिरी बार जबलपुर की खोवे की जलेबी खायी तो वे आनंद से भर गई। बाद में राज कपूर लोगों से गर्व से कहते थे कि वे तो जबलपुर के दामाद हैं।नर्मदा नदी के प्रति आस्था-राज कपूर ने जबलपुर प्रवास के दौरान प्रेमनाथ के जिलहरी घाट वाले फार्म हाउस पर साथ नर्मदा तट के सुंदर दृश्यों को निहारा था। नर्मदा के दर्शन से वे कृत कृतार्थ हो गए थे। नर्मदा के प्रति उनकी आस्था जाग गई थी। उस समय भेड़ाघाट धुआंधार बंदर कूदने न्यू भेड़ाघाट उन्हें ऐसा भाया कि उन्होंने वर्ष 1960 में आरके बैनर की जिस देश में गंगा बहती के एक गाने का दृश्यांकन नर्मदा नदी भेड़ाघाट की संगमरमरी चट्टानों में किया। इस दृश्य में साउथ की अभिनेत्री पद्ममिनी पर एक गाना ओ बंसती पवन पागल फिल्माया था। गाने को लता मंगेशकर ने शंकर-जयकिशन के मधुर संगीत में पूरी तन्यमता के साथ गाया था। फिल्म से भी फेमस हुआ जबलपुर का नर्मदा नदी का भेड़ाघाट-लेखक और जानकार विष्णु विनोदिया बताते हैं कि राज कपूरजी के गाने की शूटिंग के बाद वह पहला मौका था जब मुंबई की किसी फिल्म में नर्मदा नदी भेड़ाघाट की सुंदरता को देश-विदेश में लोगों ने देखा था ऐसे ही कई विषय उनके दिमाग वर्षों तक घूमते रहते थे और समय आने पर वे उन्हें फिल्म का विषय बना कर प्रस्तुत करते थे। भेड़ाघाट में जिस देश में गंगा बहती के गाने को शूट करते वक्त राज कपूर के मन में नदियों को लेकर विचार तैरने लगे थे।

## 1 से 30 जून तक खेत बचाओ अभियान का शुभारंभ

**जबलपुर।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के आह्वान पर 1 से 30 जून 2026 तक चलने वाले "खेत बचाओ अभियान" के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता निदेशक डॉ. जे.एस. मिश्र ने की, जिसमें सभी वैज्ञानिकों एवं तकनीकी अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में अभियान के उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा करते हुए किसानों तक वैज्ञानिक कृषि तकनीकों को पहुंचाने की रणनीति तैयार की गई। बैठक में रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग, मृदा परीक्षण आधारित पोषण प्रबंधन, प्राकृतिक खेती, दलहन एवं तिलहन मिशन तथा एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन को ग्रामीण स्तर तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि जबलपुर क्षेत्र की अधिकांश मिट्टियां फॉस्फोरस से समृद्ध हैं, ऐसे में किसानों को मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए जागरूक करना आवश्यक है। साथ ही हरी खाद, जैविक खेती एवं संसाधन-कुशल कृषि पद्धतियों को अपनाने पर बल दिया गया। प्रधान वैज्ञानिक डॉ. पी.के. सिंह ने बताया कि अभियान के तहत वैज्ञानिकों एवं तकनीकी अधिकारियों की टीमें गठित कर दी गई हैं, जो गाँव-गाँव जाकर किसानों एवं पंचायत प्रतिनिधियों से संवाद कर तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराएंगी। निदेशक डॉ. जे.एस. मिश्र ने अभियान को जन-आंदोलन का रूप देने तथा किसानों तक समय पर वैज्ञानिक जानकारी पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

## ग्रामवासियों पर भारी पड़ रही अधिकारियों की मनमानी

# करोड़ों के सड़क निर्माण कार्य में ठेकेदारों की रुचि नहीं

## कब तक बनेगी सड़क कोई नहीं जानता

**सिहोरा।** लोक निर्माण से लोक कल्याण तक का नारा बुलंद करने वाले लोक निर्माण विभाग के आला अधिकारियों एवं ठेकेदारों की मनमानी के चलते निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहे हैं नौ दिन चले अढ़ाई कोस वाले कहावत को चरितार्थ करते ठेकेदारों पर विभागीय अधिकारियों का अंकुश ना होना विभाग की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगाता है।जिसका जीवंत उदाहरण पाटन मझौली विधानसभा में चल रहे सड़क निर्माण के कार्य है जिनका भूमि पूजन प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, विधायक अजय विश्नोई सहित अनेक जनप्रतिनिधियों के द्वारा 26 दिसंबर 2025 को किया गया था किंतु आज 5 माह बीत जाने के बाद भी उक्त निर्माण कार्य ढाक के तीन पात प्रतीत हो रहे हैं जिससे क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों पर क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा प्रश्न उठाना शुरू हो गए हैं। कुछ दिन बाद बारिश प्रारम्भ हो जायेगी तब ग्रामवासियों को अनेक दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।



### क्षेत्र में स्वीकृत सड़क निर्माण के कार्य

गौरतलब है कि मझौली विधानसभा में लमकना घाना,पटोरी,संगोनी मार्ग जिसकी लंबाई 4.20 किलो मीटर और लागत चार करोड़ 54 लाख रुपए है वहीं भीटा खुर्द से लेकर लमकना मार्ग जिसकी लंबाई 1.10 किलो मीटर है और लागत एक करोड़ रुपए है वहीं सररा से सरइया मार्ग जिसकी लंबाई 4.20 किलो मीटर है और लागत एक करोड़ तीस लाख रुपए है इसी तरह सिमरिया से बरगवां 1.50 किलो मीटर और लागत एक करोड़ चालीस लाख नब्बे हजार रुपए है।

### ब्लो रेट में टेंडर तो ले लेते हैं पर काम में जरा भी रुचि नहीं रखते

विदित हो कि कथित तौर पर पता चला है कि अधिकांश ठेकेदार ब्लो रेट पर टेंडर ले लेते हैं और निर्माण कार्य अपने हिसाब से बिना रुचि के मंथर गति से करते रहते हैं। कथित तौर पर पता चला है कि उपरोक्त निर्माण कार्यों में एक ठेकेदार तो ऐसे भी हैं जो अमोलक कंस्ट्रक्शन कंपनी का संचालन करते हैं तथा कटनी जिले में उनके कार्य में रखरखाव तथा कमी पाई जाने पर विभागीय कार्य के लिए टर्मिनेट कर दिया गया है और उन्हें अगले दो वर्ष तक सरकारी विभागीय टेंडर की प्रक्रिया मैं भाग लेने से प्रतिबंधित किया गया है आगे कथित तौर पर यह भी पता चला है कि उक्त ठेकेदार द्वारा कुंडम,मझौली एवं डिंडोरी जिले में अनेक कार्यो के टेंडर लिए गए हैं और सभी मंथर गति से चल रहे हैं कथित तौर पर यह भी पता चला है कि उक्त कंपनी द्वारा ब्लो रेट पर टेंडर लेने के बाद अधिकारियों से सेटिंग करके राशि बढवा ली जाती है ।उक्त निर्माण कार्य के ठेकेदारों द्वारा साइट पर किसी भी प्रकार का बोर्ड नहीं लगाया गया है जिसमें आम जनता को लागत किलोमीटर और कार्य पूर्ण करने की समय सीमा की जानकारी की जानकारी उपलब्ध हो सके जिसकी उच्च स्तरीय जांच होने पर खुलासा होने की संभावना है।

### इनका कहना है

कार्य पूर्ण करने का समय अक्टुबर 2026 तक का है विभाग की देखरेख में गुणवत्तायुक्त कार्य कराया जा रहा है।जिस कंपनी को ब्लेक लिस्ट किया है वो यहां कार्य नहीं कर रही।

**मनीष कुमार ठाकुर**
**पी डब्लू डी एसडीओ, जबलपुर**



## आईडीए ग्रेजुएशन सेरेमनी में विद्यार्थियों को मिली सफलता की उड़ान

### सांसद विवेक तन्खा ने किया प्रेरित, इंटर्नशिप और स्टार्टअप संस्कृति पर रहा जोर

**जबलपुर।** इंटरनेशनल डिजाइन एकेडमी (आईडीए), विजय नगर द्वारा घंटाघर स्थित कन्वेंशन सेंटर में वार्षिक ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। समारोह में इंटीरियर डिजाइनिंग, फैशन डिजाइनिंग एवं ग्राफिक डिजाइनिंग के विद्यार्थियों को डिप्लोमा प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सही मार्गदर्शन मिलने पर युवा हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर देश का नाम रोशन कर सकते हैं। आईडीए की डायरेक्टर बतुल अली ने बताया कि संस्थान के इटली और अमेरिका सहित कई देशों के संस्थानों से टाई-अप हैं, जिससे विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि आईडीए में विद्यार्थी प्रथम वर्ष से ही इंटर्नशिप के माध्यम से कमाई शुरू कर देते हैं तथा कई छात्र आगे चलकर अपने स्टार्टअप भी स्थापित कर रहे हैं। बतुल अली ने बताया कि संस्थान विद्यार्थियों को कौशल विकास योजनाओं से भी जोड़ रहा है तथा बड़ी संख्या में सफल डिजाइनर और उद्यमी तैयार कर चुका है। समारोह में कुसई अली, आशा मंझानी, अर्चना मिश्रा, अमृता गुप्ता, काजोल सिंह ठाकुर, वंशिता जैन, आजरा परवीन, सृष्टि जायसवाल, सम्राट सराफ, मुस्कान मतानी, किमी पाण्डेय, निमिशा यादव, एशा धमान, मुर्तजा अली एवं मुस्तफा अली सहित अनेक गणमान्यजन एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# गुलजार सिंह मेहरा सेवानिवृत्त

**पाटन।** पीएम श्री शासकीय कन्या शाला पाटन में कार्यरत वरिष्ठ शिक्षक गुलजार सिंह मेहरा 43 वर्ष की शासकीय सेवा पूर्ण करने के उपरांत सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर विद्यालय में आयोजित संक्षिप्त विदाई समारोह में उन्हें सम्मानपूर्वक भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में प्राचार्य वंदना वैद्य, कैलाश शर्मा, राजेंद्र सिंह ठाकुर, रजनीश ठाकुर एवं शेख आसिफ की उपस्थिति में विद्यालय परिवार की ओर से श्री मेहरा का सम्मान पत्र, शॉल, श्रीफल, पुष्पहार एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर उन्हें सेवानिवृत्ति लाभ एवं पेंशन संबंधी स्वीकृति आदेशों की जानकारी भी प्रदान की गई। अभिनंदन पत्र का वाचन राजेश नायक ने किया। समारोह में नन्हे भाई प्रधान, सुदेश नामदेव, सुशील जैन, लेखपाल सहित संकुल के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं श्री मेहरा के परिजन उपस्थित रहे।




## शैलेश पटेल बने तहसील अध्यक्ष बने



**सिहोरा।** भारतीय किसान संघ के प्रांताध्यक्ष अध्यक्ष गजराज सिंह ने सिहोरा तहसील ग्राम टिकरिया निवासी प्रगतिशील किसान शैलेश पटेल को भारतीय किसान संघ तहसील इकाई सिहोरा का अध्यक्ष मनोनीत किया है। यह नियुक्ति भारतीय किसान संघ उप प्रांताध्यक्ष नंदकुमार परौहा,प्रांत महामंत्री प्रहलाद सिंह पटेल की सहमति एंव जिला अध्यक्ष रामदास पटेल की अनुशंसा पर की गई है इनकी नियुक्ति पर बलराम पटेल,मेवा लाल पटेल,नितिन पटेल,दीपक पटेल, आशुतोष पटेल,अभय पटेल,विमल पटेल,मनोज पटेल ने आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# श्री नरसिंह टेकरी खितौला में पुरुषोत्तम माह पर बह रही हरे राम संकीर्तन की भक्तिमय धारा

**सिहोरा।** ब्रम्हलीन संत स्वामी द्वारका दास जी महाराज की तपो स्थली श्री नरसिंह टेकरी खितौला सिहोरा में पुरषोत्तम माह के पावन अवसर पर अखंड हरी नाम संकीर्तन निरंतर चल रहा है।पूज्य गुरुदेव स्वामी गोविंद दास ने कहा इस मास में हरी नाम संकीर्तन करना अत्यंत पुन्यदायी और आध्यात्मिक रूप से फलदायी माना गया है। यह मास जगत के पालक भगवान श्री नरसिंह को समर्पित है क्योंकि भगवान का प्राकट्य भी इसी माह में हुआ था। पध्म पुराण के अनुसार पुरषोत्तम मास में भक्ति करने से मनुष्य के जन्म–जन्मांतर के पाप धुल जाते हैं और वह आत्म शुद्धि प्राप्त करता है अन्य किसी भी सामान्य मास की तुलना में इस महीने में किए गए जप,कीर्तन और सत्संग का अनेक गुना अधिक फल प्राप्त होता हैं इस अवसर पर पुजारी बांके बिहारी दास,लखन पांडे,गणेश प्रसाद मिश्रा,





## संकल्प संगठित परिवार का सेवा अभियान, जीव सेवा का दिया संदेश

**पनागर।** "जीव सेवा ही सच्चा धर्म है" के संकल्प को साकार करते हुए सामाजिक संस्था संकल्प संगठित परिवार द्वारा गढ़ा क्षेत्र में एक प्रेरणादायक जीव सेवा अभियान आयोजित किया गया। इस दौरान संस्था के सदस्यों ने बेसहारा गौमाता, श्वानों, मछलियों एवं चींटियों की सेवा कर करुणा और मानवता का संदेश दिया। अभियान की शुरुआत गौसेवा से हुई, जिसमें सड़क पर घूमने वाली गौमाताओं को हरी सब्जियां, फल एवं पौष्टिक चारा खिलाया गया। इसके बाद सदस्यों ने गौशाला पहुँचकर स्वयं चारा काटकर गौसेवा की। इस कार्य को उपस्थित लोगों ने भारतीय संस्कृति एवं सनातन मूल्यों का जीवंत उदाहरण बताया। कार्यक्रम में संस्था के सदस्यों ने जलाशयों में मछलियों को दाना डाला, चींटियों के लिए भोजन की व्यवस्था की तथा बेसहारा श्वानों को बिस्किट एवं खाद्य सामग्री वितरित की। इस सेवा अभियान में चांदनी ताम्रकार, विद्या केवट, नीलम जैन, सचिन गुप्ता, सुरभि जैन, राजेश प्रिंसी, दिनेश गरहेटे, डीके उपाध्याय, हेमंत शर्मा, साई बाबा, मदन माली, अनुराग पटेल, अग्रिम जैन, उमेश उपाध्याय, किशन पटेल, बसंत कोरी सहित अनेक समाजसेवियों का सहयोग रहा। वहीं दूरस्थ सदस्य इटावा, कानपुर एवं लखनऊ से जुड़े लोगों ने आर्थिक सहायता एवं सामग्री भेजकर सहभागिता निभाई। संस्था की संचालिका प्रिया यादव ने कहा कि संस्था का उद्देश्य समाज में जीवों के प्रति दया, करुणा और सेवा भावना को जागृत करना है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य लगातार जारी रखने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में सभी सहयोगियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया।

# पनागर में अवैध बीज पैकिंग पर कृषि विभाग की बड़ी कार्रवाई, 200 क्विंटल धान बीज जब्त

**जबलपुर।** पनागर क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित बीज पैकिंग एवं भंडारण के खिलाफ कृषि विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 200 क्विंटल धान बीज जब्त किया है। मामले में कनक एग्री सीड्स के संचालक राजेश मोर्थे तथा सम्यक सीड्स एंड एग्रोटेक के संचालक अनिल जैन के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार बीज निरीक्षक पंकज शर्मा को देवरी खुर्द स्थित आनंद ज्योति प्रिंटिंग प्रेस परिसर में अवैध बीज पैकिंग की सूचना प्राप्त हुई थी। उप संचालक कृषि यू.के. कटरे के निर्देशन में गठित टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की, जहां बड़ी मात्रा में धान बीज, पैकिंग सामग्री एवं तैयार बीज पैकेट पाए गए। कार्रवाई के दौरान लगभग 200 क्विंटल धान बीज, सैकड़ों तैयार पैकेट, बिना सीलबंद बोरियां तथा अन्य पैकिंग सामग्री जब्त की गई। जांच में पाया गया कि बीजों की पैकिंग बिना वैध लाइसेंस एवं निर्धारित नियमों के विपरीत की जा रही थी। इस कार्रवाई में सहायक संचालक कृषि रवि अमरवंशी, अनुविभागीय कृषि अधिकारी प्रतिभा गौर, जी.पी. मांझी, इशिता राजपूत एवं संगीत सिंह सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे। कृषि विभाग ने दोनों संचालकों के खिलाफ बीज नियंत्रण आदेश 1983 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत एफआईआर दर्ज कर मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।





## कांग्रेस ने "पोल खोल हल्ला बोल" अभियान चलाकर किया प्रदर्शन

**जबलपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महाराजपुर के तत्वावधान में अध्यक्ष सुभाष पटेल के नेतृत्व में "पोल खोल, हल्ला बोल" अभियान के तहत 01 जून को नगर निगम 15 नंबर जोन कार्यालय सुहागी में प्रदर्शन कर वार्डों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। उसके पश्चात प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया। इस आयोजन में जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) संजय यादव, पूर्व मंत्री कौशल्या गोंटिया, पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी पनागर राजेश पटेल, संगीता सिंह, पार्षद मथुरा प्रसाद चौधरी, पार्षद लक्ष्मी लक्ष्मण गोंटिया, प्रवीण चौबे, ब्लॉक अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, विष्णु पटेल, विजय यादव, राजेंद्र वाल्मीकि, कमलेश सिंह, शंकर सिंह, अतुल विश्वकर्मा, मधु पाल सेंगर, राजकुमार चक्रवर्ती, पप्पू वर्मा, सीताराम, सुमरू कोल, नेम सिंह ठाकुर, अजय पाल सिंह, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष ताहिर खोखर, आनंद जायसवाल, जितेंद्र यादव, सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# पंचवटी में फ्रीजर के पास फैली गिट्टी से हादसे का खतरा, पर्यटक हो रहे घायल

**भेड़ाघाट।** पंचवटी क्षेत्र में रेस्ट हाउस के समीप ठंडे पानी के लिए लगाए गए फ्रीजर के पास फैली गिट्टी पर्यटकों और वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। स्थानीय लोगों एवं दुकानदारों के अनुसार पानी पीने के लिए आने वाले पर्यटक गिट्टी पर फिसलकर गिर रहे हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई है। दुकानदारों का कहना है कि सड़क किनारे बड़ी मात्रा में गिट्टी डाली गई है, जिस पर अब तक नगर परिषद भेड़ाघाट के अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया है। उनका कहना है कि यदि समय रहते गिट्टी नहीं हटाई गई तो किसी भी दिन बड़ी दुर्घटना हो सकती है।स्थानीय लोगों ने नगर परिषद प्रशासन से मांग की है कि संबंधित स्थल का निरीक्षण कर तत्काल गिट्टी हटाई जाए, ताकि पर्यटकों एवं दोपहिया वाहन चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। लोगों का कहना है कि दुर्घटना होने का इंतजार करने के बजाय प्रशासन को पहले ही आवश्यक कदम उठाने चाहिए।



## ग्रीष्मकालीन फुटबॉल शिविर बना व्यक्तित्व विकास की पाठशाला

**जबलपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग जबलपुर तथा जिला फुटबॉल संघ के निर्देशन में ईस्ट यूनाइटेड फुटबॉल क्लब द्वारा कांचघर स्थित महाकौशल हॉट बाजार के पीछे संचालित निशुल्क ग्रीष्मकालीन फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर बच्चों के लिए खेल के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास की भी पाठशाला बन गया है। शिविर में लगभग 60 बालक एवं बालिकाएं नियमित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। शिविर का उद्देश्य बच्चों को फुटबॉल प्रशिक्षण देने के साथ-साथ उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना एवं सकारात्मक सोच का विकास करना है। इसी क्रम में प्रशिक्षुओं का परिचय नचिकेता कॉलेज के खेल प्रशिक्षक संजय समुद्रे से कराया गया। श्री समुद्रे ने बच्चों को खेल तकनीक के साथ-साथ जीवन में खेलों के महत्व, फिटनेस, अनुशासन एवं नियमित अभ्यास के बारे में प्रेरक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि खेल व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर बी.पी.एड. कोच विजय शंकर सतनामी, डी-लाइसेंस कोच दीपक यादव, क्लब सचिव कुलदीप सिंह राजपूत, उपाध्यक्ष पवन केवट, कोऑर्डिनेटर अमित कुमार खरे, हर्षित दुबे सहित अन्य सदस्य एवं अभिभावक उपस्थित रहे। शिविर में प्रतिदिन बच्चों को तकनीकी प्रशिक्षण, शारीरिक फिटनेस एवं खेल कौशल के साथ व्यक्तित्व विकास संबंधी गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वे खेल के साथ जीवन में भी सफल नागरिक बन सकें।



## ठेकेदार पर चायना चाकू से हमला

**जबलपुर।** रांझी थाना अतंर्गत पुराना शोभापुर में पुरानी रंजिश पर तीन बदमाशों ने एक ठेकेदार के साथ मारपीट कर बटनदार चायना चाकू से हमल कर घायल कर दिया।रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुराना शोभापुर निवासी 38 वर्षीय ठेकेदार पुष्पेंद्र रजक गत रात लगभग 11 बजे पुराना शोभापुर स्थित एक किराना स्टोर्स में खड़ा था तभी प्रवीण रजक, पवन रजक और देबू अन्ना आए और पुरानी रंजिश पर गालीगलौज कर बटनदार चायना चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने तीनों अरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(बी), 109(1), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर राही फाउंडेशन ने आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम

**जबलपुर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर राही फाउंडेशन की ओर से बेलबाग, घमापुर, जबलपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर ताहिर खान, ने युवाओं एवं नशे से प्रभावित व्यक्तियों के साथ नशा और उसके दुष्प्रभावों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि तंबाकू, गुटखा, सिगरेट, शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों का सेवन व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक जीवन पर नकारात्मक प्रभाव डालता है तथा कई गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। ताहिर खान ने उपस्थित लोगों को नशे से बचाव के उपाय एवं समाधान बताते हुए नियमित व्यायाम, खेलकूद, सकारात्मक संगति, परिवार के सहयोग तथा समय पर परामर्श एवं उपचार लेने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि नशे की समस्या से जूझ रहे व्यक्ति जिला सरकारी अस्पताल में उपलब्ध निःशुल्क परामर्श एवं उपचार सेवाओं का लाभ लेकर नशे की लत से बाहर निकल सकते हैं। उन्होंने सभी युवाओं से नशे से दूर रहने और अपने परिवार एवं समाज को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने नशामुक्त जीवन अपनाने तथा समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।



# राजश्री गुटखा नहीं खिलाया तो घोंप दिया चाकू

**जबलपुर।** अधारताल थाना अतंर्गत दुर्गा मंदिर के पास राजश्री गुटखा नहीं खिलाने की बात पर दो बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषिनगर करौंदा अधारताल निवासी 24 वर्षीय विक्की उर्फ रिंकू यादव गत रात लगभग 10.30 बजे काम कर अपने घर आ रहा था तभी रास्ते में दुर्गा मंदिर के पास उसके पूर्व के परिचित शानू केवट, नीरज केवट मिले और उससे राजश्री गुटखा मांगा, उसने कहा कि उसके पास राजश्री गुटखा नहीं है इस पर दोनों नाराज हो गए और गाली गलोज कर नीरज ने चाकू से उस पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया । पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 109, 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।




**श्री रोहित कोरी-** आजाद चौक गोरखपुर राम मंदिर के पास निवासी श्री हरि लाल कोरी के पुत्र श्री रोहित कोरी (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लीला यादव-** चांदमारी तलैया लालमाटी निवासी श्री लीला यादव (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती देवमुनी शर्मा-** सुहागी स्थित साईं मंदिर के निकट निवासी श्री विनोद कुमार शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती देवमुनी शर्मा (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कन्हैया लाल सोनी-** गलगल मुमताज बिल्डिंग के पास निवासी श्री कन्हैया लाल सोनी (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री चंद्रभान अग्रवाल-** अभिषेक विहार रतन कॉलोनी गोरखपुर थाने के पीछे निवासी श्री चंद्रभान अग्रवाल (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुगंधा बाई पाटिल-** गौतम नगर सरकारी कुआं घमापुर निवासी श्री मानिक राव पाटिल की धर्मपत्नी श्रीमती सुगंधा बाई पाटिल (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि
निधन/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
सिंगल साइज:- [illegible] से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
सिंगल साइज:- [illegible] से.मी. रंगीन 400/-
सिंगल साइज [illegible] से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362160

# 'आलोक जबलपुर' का पंचम प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

## मेधावी और प्रतिभाएं हुईं सम्मानित



**जबलपुर।** अखिल भारतीय लोधी/लोध अधिकारी कर्मचारी संघ की इकाई 'आलोक जबलपुर' द्वारा 31 मई 2026 को मानस भवन, राइट टाउन में 'पंचम प्रतिभा सम्मान समारोह' का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह आयोजन जिले में प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया था। समारोह के दौरान विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इसमें शिक्षा सत्र 2025-26 के दौरान कक्षा 5वीं व 8वीं में 75% तथा 10वीं व 12वीं में 80% से अधिक अंक अर्जित करने वाले छात्र-छात्राओं के साथ-साथ नवोदय विद्यालय में प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त, 01 जून 2025 से 31 मई 2026 की अवधि में नवनियुक्त एवं सेवानिवृत्त हुए अधिकारी-कर्मचारियों तथा विभिन्न विधाओं में जिला, प्रदेश, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मेहनत का लोहा मनवाने वाले प्रतिभाशाली युवक-युवतियों का भी सम्मान किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में 'आलोक जबलपुर' की जिला कार्यकारिणी का विशेष योगदान रहा, जिसमें अध्यक्ष लोधी नरेश पटेल, महिला अध्यक्ष तारकेश्वरी लोधी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगदेव पटेल, महिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मिथिलेश पटेल, संयोजक कीरत सिंह पटेल और परामर्शदात्री समिति के अध्यक्ष नेकनारायण सिंह ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारी और सदस्य सक्रिय रहे।

## मुख्यमंत्री की टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस लगाएगी गांधी चौपाल

**जबलपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के संबंध में की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने गांधी चौपाल आयोजित करने की घोषणा की है। कांग्रेस नेताओं ने इसे राजनीतिक मर्यादा और लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत बताते हुए इसकी निंदा की है।

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने बताया कि 2 जून को शाम 6 बजे टाउन हॉल स्थित गांधी प्रतिमा परिसर में गांधी चौपाल का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में महात्मा गांधी के विचारों और अहिंसात्मक परंपराओं को स्मरण करते हुए शांतिपूर्ण ढंग से विरोध दर्ज कराया जाएगा। इस दौरान 'रघुपति राघव राजा राम' भजन के माध्यम से प्रार्थना भी की जाएगी। कांग्रेस ने कार्यकर्ताओं और नागरिकों से बड़ी संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।




## बैंक ऑफ इंडिया ने आयोजित किया ऋण शिविर

### ₹8.50 करोड़ से अधिक के ऋण स्वीकृति पत्र वितरित

**जबलपुर।** बैंक ऑफ इंडिया, जबलपुर अंचल द्वारा ईसीएलजीएस 5.0 योजना के अंतर्गत ऋण शिविर सह ग्राहक सम्मेलन का वृहद आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न शाखाओं से आए 25 से अधिक उद्यमियों, व्यवसायियों एवं ग्राहकों ने भाग लिया। इस अवसर पर लगभग ₹8.50 करोड़ से अधिक की ऋण राशि के स्वीकृति पत्र आंचलिक प्रबंधक रमेश कुमार एवं उप-आंचलिक प्रबंधक संतोष सहाय द्वारा वितरित किए गए। आंचलिक प्रबंधक रमेश कुमार ने ईसीएलजीएस 5.0 योजना की विशेषताओं, पात्रता एवं लाभों की जानकारी देते हुए कहा कि यह योजना वित्तीय चुनौतियों का सामना कर रहे उद्यमियों को आवश्यक सहयोग प्रदान कर उनके व्यवसाय को मजबूती देने में सहायक सिद्ध होगी। कार्यक्रम में साख विभाग प्रमुख सुकेश कर्ण, एसएमईसीसी-जबलपुर प्रमुख विक्रम ठाकुर तथा एसएमईसीसी एवं कृषि विभाग के अधिकारियों ने ग्राहकों की जिज्ञासाओं का समाधान किया और योजना का अधिकतम लाभ लेने का आह्वान किया। समापन अवसर पर उप-आंचलिक प्रबंधक संतोष सहाय ने ग्राहकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बैंक की ग्राहक-केंद्रित सेवाओं एवं समयबद्ध वित्तीय सहायता प्रदान करने की प्रतिबद्धता दोहराई।



## भगत सिंह युवा विचार मंच ने किया बुजुर्गों का सम्मान

**जबलपुर।** शहीद भगत सिंह युवा विचार मंच द्वारा श्री गुरु नानक दरबार गोरखपुर में समाज के बुजुर्ग जिन्होंने अपनी पूरी जिन्दगी सेवा, नेकी को समर्पित कर दी और आज भी मानव की सेवा करने के लिए तत्पर रहते हैं, ऐसे समाज सेवियों का युवा विचार मंच द्वारा स्वागत, भगत सिंह रत्न (ट्रॉफी) देकर सम्मान किया गया, जिसमें मुख्य रूप से तजिन्दर सिंह टीटू, डिम्पी बिन्द्रा ने काके आनंद, स. राजेन्द्र सिंह छाबड़ा प्रधान श्री गुरु नानक दरबार गोरखपुर, स. हरजीत सिंह गुरुद्वारे के मुख्य ग्रंथी, रविन्दर सिंह चाना, पम्मी चड्डा, फौजी पाजी, उत्तम सिंह, प्रभजोत सिंह, नवजीत सिंह गिल्ल मौजूद थे।

## पश्चिम मध्य रेल में PMIS पोर्टल 'IMPACT' का शुभारंभ, परियोजना निगरानी होगी और प्रभावी

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे ने रेल परियोजनाओं के प्रभावी प्रबंधन, निगरानी और समयबद्ध क्रियान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भारतीय रेल की पहली पूर्ण विकसित प्रोजेक्ट मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम (PMIS) पोर्टल 'IMPACT' का शुभारंभ किया। इस अत्याधुनिक डिजिटल प्रणाली का लोकार्पण पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने अपर महाप्रबंधक प्रमोद कुमार खत्री, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) एम.एस. हाशमी तथा वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया। महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि डिजिटल तकनीक आधारित यह पहल रेलवे परियोजनाओं की निगरानी और प्रबंधन को नई दिशा प्रदान करेगी।




उन्होंने बताया कि IMPACT (Intelligent Management of Projects Activities & Construction Tracking) प्रणाली के माध्यम से परियोजनाओं की रियल-टाइम मॉनिटरिंग, संसाधनों का बेहतर उपयोग और समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जा सकेगा। यह प्लेटफॉर्म उन्नत रिपोर्ट्स, डेटा एनालिटिक्स, इंटरैक्टिव डैशबोर्ड, डिजिटल डॉक्यूमेंट मैनेजमेंट सिस्टम (DMS) तथा निरीक्षण एवं साइट मॉनिटरिंग के लिए डिजिटल RFI मॉड्यूल जैसी सुविधाओं से युक्त है। प्रणाली परियोजनाओं से जुड़ी सभी गतिविधियों का ऑडिट ट्रेल सुरक्षित रखकर पारदर्शिता, जवाबदेही और मानकीकृत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करेगी। प्रारंभिक चरण में पश्चिम मध्य रेलवे की तीन प्रमुख परियोजनाओं को इस पोर्टल से जोड़ा गया है।

## नृत्य नमन में 175 नृत्यांगनाओं की नृत्य प्रस्तुति आज

**जबलपुर।** कला, साहित्य, संस्कृति को समर्पित पाथेय संस्था के द्वारा पद्मभूषण पंडित कुंजीलाल दुबे की स्मृति में 02 जून को सायं 7 बजे से मानस भवन सभागार में सामूहिक नृत्यों का आयोजन किया गया है। समारोह के संयोजक राजेश पाठक प्रवीण ने बताया नृत्योत्सव में 175 नृत्यांगनाएं नृत्य निदेशक नीलांगी कलन्तरे, स्वाति मोदी तिवारी, मोती शिवहरे, उपासना उपाध्याय, भैरवी विश्वरूप, मोमिता बेज, राकेश गिरिगोस्वामी, मेघा पांडे, कृष्णकांत दीक्षित, अंकिता गिनारा, मानसी विश्वकर्मा, गरिमा पटवा, तेजस्वनी सिंह, अमृता तिवारी, महिमा गुप्ता के निर्देशन में विविध शास्त्रीय उपशास्त्रीय शैली के सामूहिक नृत्यों को प्रस्तुत करेंगी। दुर्गा चौबे, प्रतुल श्रीवास्तव, विजय नेमा, यशोवर्धन पाठक, संतोष नेमा ने बताया कि समारोह में प्रवेश निःशुल्क है।



## 3 स्थाई वारंट तामील, कांबिंग गस्त

**जबलपुर।** पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर सुंदर सिंह कनेश व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भावना मरावी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी संजीवनी राजपूत द्वारा अपने स्टाफ की टीम गठित कर निगरानी बदमाश, स्थाई, गिरफ्तारी वारंट तामीली हेतु टीम को रवाना किया गया था, इसी तारतम्य में प्रकरण क्रमांक 8381/18 अपराध क्र 342/18 धारा 25 आर्म्स एक्ट, प्रकरण क्रमांक 13314/ 19 अपराध क्रमांक 140/19 धारा 401 आईपीसी, प्रकरण क्रमांक 4356/2020 अपराध क्र. 41/19 धारा 403 ipc, के स्थाई वारंटी सौरभ पटेल पिता स्वर्गीय राजेश पटेल उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम भमकी शाहपुर थाना शाहपुरा जिला जबलपुर स्थाई पता भारत कॉलोनी व्हीकल स्टेट मढ़ई थाना रांझी जिला जबलपुर का स्थाई वारंट की तामीली की गयी। इस सराहनीय कार्य में सहायक उप निरीक्षक गोपाल सिंह राजपूत, Hc 257 अरुण तिवारी, Hc 189 स्नेह पटेल, C 528 अंकुर गोहिया, C 84 रवि कुमार रजक, C 113 परशुराम यादव, C457 गोपाल सिंह अधिकारी, कर्मचारियों की विशेष भूमिका रही।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा ग्रामीण की तैयारी बैठक सम्पन्न



**जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी जबलपुर ग्रामीण की महत्वपूर्ण बैठक संभागीय कार्यालय रानीताल में आयोजित की गई। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, संगठनात्मक तैयारियों तथा जनसंपर्क अभियानों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, सिहोरा विधायक संतोष बरकड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष आशा गोंटिया, जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल एवं जनपद अध्यक्ष चंद्रकिरण गोस्वामी सहित पार्टी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और राष्ट्र निर्माण के 12 वर्षों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए व्यापक जनजागरण अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। साथ ही कार्यकर्ताओं से कार्यक्रमों को सफल बनाने हेतु सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया गया। इस अवसर पर राजेश दाहिया, रूपेश पटेल, आशीष पटेल, अनुपम सराफ, पुष्पराज बघेल, कृष्ण शेखर सिंह, ओम दुबे, अल्का गर्ग, नीता जैन, शैलेंद्र सिंह, अंकुर जैन, राकेश पटेल, ओमनारायण दुबे, अतुल दुबे सहित समस्त मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, जिला पदाधिकारी एवं मोर्चा अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर रेल मंडल की जागरूकता रैली

**जबलपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के उपलक्ष्य में पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल द्वारा सोमवार को नरसिंहपुर रेलवे अस्पताल एवं रेलवे कॉलोनियों में पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना रहा।अभियान के दौरान रेलवे चिकित्सालय के डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों ने रेलवे कर्मचारियों एवं कॉलोनीवासियों को पंपलेट और बैनरों के माध्यम से जागरूक किया। लोगों को वृक्षारोपण बढ़ाने, प्रदूषण कम करने, ऊर्जा एवं जल संरक्षण अपनाने तथा प्राकृतिक संसाधनों के जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही मौसमजनित बीमारियों से बचाव संबंधी जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित कर्मचारियों और नागरिकों ने स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण के संरक्षण का संकल्प लेते हुए इसमें सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

## जीतू पटवारी पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के मप्र स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार प्रकोष्ठ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष अजय नारायण सितलानी के निर्देशन पर मप्र के समस्त जिलों में स्वतंत्रता परिवार प्रकोष्ठ परिवार उत्तराधिकारियों ने महापुरुषों की प्रतिमा स्थलों पर राष्ट्रगान व राष्ट्रगीत गायन का आयोजन कर हर माह की पहली तारीख को उक्त कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया। इसी क्रम में नगर निगम नेहरू उद्यान में 01 जून को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू प्रतिमा स्थल पर प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष राजेन्द्र रज्जू सराफ एवं ग्रामीण अध्यक्ष नारायण सिंह शर्मा के संयोजन में प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज नामदेव, राकेश पटेल, प्रीति चौधरी, एड. प्रकाश चंद गोलछा, केशव प्रसाद चौरसिया, ओमप्रकाश जायसवाल, ओमप्रकाश शर्मा, सत्येन्द्र जैन, अशोक यादव, शिवमंगल यादव सहित अन्य ने पं. नेहरू को सलामी दी। तत्पश्चात नगर निगम चौक से राजीव गांधी चौक तक पदयात्रा निकालकर नारेबाजी करते प्रदर्शन किया तथा सेनानियों के वंशजों ने मुख्यमंत्री द्वारा जीतू पटवारी पर की गई टिप्पणी की घोर निंदा की। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कांग्रेस परिवार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अजय नारायण सितलानी के नेतृत्व में पूरे मप्र के जिलों में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशजों ने जीतू पटवारी पर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा की गई अशोभनीय टिप्पणी की निंदा करते हुए मुख्यमंत्री से इस्तीफा व माफी मांगने की मांग उठाई गई।



## हज़रत सैयद बाबा का सालाना उर्स अकीदत और रूहानियत के साथ सम्पन्न

**जबलपुर।** बड़ी ओमती जामा मस्जिद के सामने स्थित हज़रत सैयद बाबा रहमतुल्लाह अलैह का दो दिवसीय सालाना उर्स शरीफ़ शनिवार रात अकीदत, अदब और एहतेराम के साथ सम्पन्न हुआ। उर्स का आगाज़ 29 मई को बाद नमाज़-ए-मगरिब परचम कुशाई के साथ हुआ, जिसके बाद फ़ातिहा, तिलावत-ए-कुरआन, दुआ और इबादत का सिलसिला जारी रहा। उर्स के अवसर पर 30 मई को खादिम अमित बाबा एवं बाबू बाबा के निवास नया मोहल्ला से सैय्यद कादिर अली कादरी की सदारत में शाही संदल जुलूस निकाला गया। जुलूस विभिन्न मार्गों से होते हुए दरगाह शरीफ़ पहुँचा, जहाँ अकीदतमंदों ने संदल पेश कर मुल्क में अमन, भाईचारे, तरक्की और खुशहाली के लिए विशेष दुआएँ कीं। उर्स में बड़ी संख्या में जायरीन और अकीदतमंदों ने शिरकत कर बुज़ुर्ग-ए-दीन को ख़िराज-ए-अकीदत पेश किया। इस अवसर पर साबिर भाई, जाविद भाई, असलम भाई, शाहिद, मुबीन, सलमान बाबा, कदीर बाबा, शारू बाबा, कल्लू बाबा, अज्जू बाबा, नसीम बाबा, मंजूर भाई, वसीम भाई, वरुण साहनी और अहद पहलवान सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर गायत्री परिवार ने निकाली भव्य रैली



**जबलपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जिलहरी घाट (गौरीघाट) से विशाल जन जागरण रैली गायत्री परिवार के मुख्य ट्रस्टी बृज बिहारी शर्मा के नेतृत्व में निकाली गई, जो सिद्धघाट, उमाघाट से भ्रमण करती हुई झंडा चौक पर समाप्त हुई। गायत्री परिवार के पीत वस्त्रधारी परिजन हाथों में नशा निषेध पोस्टर, बैनर लेकर नारे लगाते हुए नशा न करने का संदेश दे रहे थे। गायत्री परिवार के प्रधान ट्रस्टी बृज बिहारी शर्मा ने कहा कि नशे की आदत को आज ही छोड़ें और स्वस्थ सम्मानजनक और भविष्य की शुरुआत करें आपकी एक छोटी सी कोशिश आपके परिवार को खुशियां दे सकती है। नशा परिवार की बर्बादी और बीमारियों का रास्ता है, आज ही इसे त्याग कर स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन जीने की शुरुआत करें। इस दौरान प्रकाश मूर्झानी, प्रेम शंकर तिवारी ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि नशे के कारण होने वाली दुर्घटनाओं एवं पारिवारिक कलह के कारण परिवार बिखर रहे हैं। इस अवसर पर भैयालाल पटेल, कमल राय, बाबूलाल वर्मा, पी.एल. यादव, दयाराम श्रीवास्तव, नारायण दुबे, शिवचरण विश्वकर्मा, वंदना राजपूत, स्नेहलता सांवरे, प्रीति सोनी, सावित्री मालवीय, कविता तिवारी आदि की उपस्थिति उल्लेखनी रही।

CHANGE OF NAME
AND DATE OF BIRTH

I, ARMY NO. JC- 708209M RANK NB SUB NAME DEEPAK KUMAR PATEL S/O LATE KHYALIRAM PATEL OF UNIT MH, JABALPUR (MP) AADHAR CARD No. 9943 7660 2347 I, have changed name and date of birth of my MOTHER from name SHASHI PATEL and date of birth 25/04/1951 (Name and date of birth as per my Army Service Records) to name SHASHI BAI PATEL and date of birth 01/01/1956 (name and date of birth as per my MOTHER, AADHAR CARD NO. 3244 6006 5237) vide affidavit dated 01/06/2026 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
CORRECT NAME-SHASHI BAI PATEL
INCORRECT NAME-SHASHI PATEL
CORRECT DATE OF BIRTH-01/01/1956
INCORRECT DATE OF BIRTH-25/04/1951

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं-सभा.अधि./13/मुख्यालय/2026-27/एम/50
दिनांक:- 27/052/2026

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गुलशन जैन पिता श्री सुबोध जैन ने मकान 945/1 अ वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 800 व.फु. प्रथम तल 600 व.फु. मृत्यु प्रमाणपत्र/ विक्रय पत्र/ खसरे की नकल के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

नाम सुधार

मैं नवीन कुमार गोपलानी (Naveen Kumar Goplani) पिता श्री भगवान दास गोपलानी, निवासी- मकान नं. 454 गुडविल कॉम्पलेक्स नेपियर टाउन जबलपुर जिला जबलपुर म.प्र. 482001 आधार नंबर 832117349103 आज दिनांक 15/05/2026 को शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं कि यह कि, मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूं। यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम नवीन कुमार गोपलानी (Naveen Kumar Goplani) पिता श्री भगवान दास गोपलानी दर्ज है। यह कि मैं पूर्ण रूप से यह सत्यापित करता हूं कि मेरा पुराना नाम नवीन कुमार गोपलानी (Navin Kumar Goplani) जो कि मेरे पासपोर्ट क्रमांक N5152675 में दर्ज है। यह कि मेरा नाम नवीन कुमार गोपलानी (Naveen Kumar Goplani) है जो कि मेरे आधार कार्ड एवं मतदाता पहचान पत्र में दर्ज है। यह कि महोदय जी से मेरा निवेदन है कि मुझे मेरे नये नाम नवीन कुमार गोपलानी (Naveen Kumar Goplani) जो कि मेरेआधारकार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में दर्ज है। अतः मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जावे। एवं लिखा और पढ़ा जावे। यह कि इस वास्ते यह शपथ पत्रआपके समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं।
Old Name: Navin Kumar Goplani
New Name: Naveen Kumar Goplani

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं-सभा.अधि./13/मुख्यालय/2026-27/एम/51
दिनांक:- 27/052/2026

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति प्राची शर्मा पति श्री अतुल कुमार शर्मा ने मकान 1445 ब्लाक बी फ्लेट नं. 406 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती चतुर्थ तल 844 व.फु. विक्रय पत्र/ के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर


कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं-सभा.अधि./13/मुख्यालय/2026-27/एम/48
दिनांक:- 27/05/2026

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्रीमति अंजली दुबे पति स्व. श्री विश्वनाथ दुबे (2) गौरा दुबे पिता स्व. श्री विश्वनाथ दुबे ने मकान नं. 573 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती क्षेत्रफल 9515 व.फु. भूतल 1500 व.फु. मृत्यु प्रमाणपत्र/ खसरे की नकल/ लीजडीड के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, संत कुमार पिता वीरबल राय, निवासी ग्राम बाजार मोहल्ला, सिलौंडी, पो. सिलौंडी, तहसील ढीमरखेडा, जिला कटनी, म.प्र. ने श्रीमती सीमा जैन (सिंघई) पति श्री सुबोध कुमार जैन, निवासी-ए 1/17, कचनार सिटी, जबलपुर, म.प्र. के साथ एक मकान के क्रय हेतु अनुबंधपत्र निष्पादित किया है। मौजा ग्राम लमती, न.ब. 642, प.ह.नं. 25/34, नया 17 में स्थित खसरा नं. 30/6 -उक्त भूमि पर पूर्व मुखी 800 वर्गफुट मकान/ ड्यूप्लेक्स बना हुआ है उक्त मकान को सीमा जैन द्वारा विक्रय किया जा रहा है। अतः यदि किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था या अन्य को उक्त सम्पत्ति के विक्रय, स्वामित्व, कब्जे या किसी अन्य प्रकार से कोई आपत्ति, दावा, हक या उजर हो तो वे इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर मय दस्तावेजी साक्ष्य के अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास या पब्लिक नोटरी, ढीमरखेडा, जिला कटनी के समक्ष प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में यह माना जावेगा कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है तथा उक्त सौदा नियमानुसार पूर्ण कर दिया जावेगा, जिसके लिए बाद में कोई उजर/दावा मान्य नहीं होगा।
संत कुमार
पिता वीरबल राय निवासी: सिलौंडी, तहसील ढीमरखेडा, जिला कटनी, म.प्र.
मो.9522220090



# सैयारा की जोड़ी लेकर आ रही है नई रोमांटिक फिल्म

**मुंबई।** साल 2025 में रिलीज हुई फिल्म सैयारा ने बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर दिया था। इस फिल्म में अहान पांडे और अनीत पड्डा नजर आए थे। दोनों की जोड़ी यूथ में सेंसेशन बन गई थी। अब ये जोड़ी एक बार फिर मोहित सूरी के ही डायरेक्शन में बनने वाली अगली फिल्म में साथ दिखेंगे। एक रिपोर्ट में ये जानकारी दी है कि मोहित सूरी फिल्म सैयारा के बाद एक और फ्रेश रोमांटिक फिल्म पर काम कर रहे हैं। इस फिल्म में एक बार फिर अहान पांडे और अनीत पड्डा की जोड़ी नजर आने वाली है। फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होने की खबर है। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि इस साल के अंत तक यानी अक्टूबर-नवंबर तक ये फिल्म रिलीज के लिए तैयार होगी।

लाइफ Style



# तृषा
## फैमिली ड्रामा की भी हैं क्वीन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

साउथ फिल्मों की स्टार तृष्णा कृष्णन सिर्फ रोमांटिक किरदारों के लिए ही नहीं, बल्कि फैमिली ड्रामा फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं। इन फिल्मों में उन्होंने दमदार किरदारों से लोगों को अपना दीवाना बना दिया था। इन फिल्मों को आप ओटीटी पर देख सकते हैं।

साउथ की जानी मानी एक्ट्रेस तृषा कृष्णन ने अपने कॅरियर में हर तरह के रोल निभाए हैं। लेकिन, अगर आप सोच रहे हैं कि वह सिर्फ रोमांटिक फिल्मों में ही नजर आई हैं, तो ऐसा नहीं है, वह अब तक कई फैमिली ड्रामा फिल्मों में भी नजर आ चुकी है। साउथ फिल्मों की मशहूर एक्ट्रेस तृषा को रोमांटिक फिल्मों के लिए खूब पसंद किया जाता है। इन फिल्मों में उन्होंने अपने काम से लोगों को हैरान कर दिया था। इन फिल्मों में प्यार, परिवार, रिश्तों की उलझनें और इमोशंस का अच्छा बैलेंस देखने को मिलता है। अगर आप तृषा की ऐसी फिल्में देखना चाहते हैं, जिनमें रोमांस के साथ-साथ फैमिली ड्रामा भी हो, तो ओटीटी पर मौजूद ये 5 फिल्में जरूर देख सकते हैं। इनमें पहली है- 96 साल 2018 में आई ये फिल्म प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। यह एक इमोशनल रोमांटिक ड्रामा फिल्म है, फिल्म में उनका जानकी देवी का रोल में काफी पसंद किया गया था।फिल्म सिर्फ पुराने प्यार की कहानी नहीं दिखाती, बल्कि जिंदगी के फैसले, अधूरे रिश्ते और परिवार की जिम्मेदारियों को भी खूबसूरती से सामने लाती है।इस फिल्म में तृषा और विजय सेतुपति की जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया था।

हॉलीवुड मसाला



# दुआ ने 6 साल बड़े एक्टर से की शादी

**लॉस एंजिल्स।** दुनियाभर में अपनी आवाज का जादू बिखेरने वाली 1,660 करोड़ रुपए की नेटवर्थ वाली पॉप सिंगर दुआ लीपा ने शादी कर ली है। उनके जीवनसाथी उम्र में उनसे 6 साल बड़े हैं और मनोरंजन जगत का जाना-पहचाना चेहरा हैं। करोड़ों फैंस की पसंदीदा सिंगर ने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड कैलम टर्नर के साथ नई जिंदगी की शुरुआत कर ली है। दोनों के रिश्ते की खबरें काफी समय से सामने आ रही थीं और अब शादी की खबर ने फैंस की खुशी दोगुनी कर दी है। ऐसे में हर कोई उनके पति के बारे में जानना चाहता है। कैलम टर्नर ब्रिटेन के मशहूर एक्टर हैं।



# एक एपिसोड के लिए ले रही है 2 करोड़ 84 लाख!

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सबसे पॉपुलर सीरीज में शुमार गेम ऑफ थ्रोन्स के कलाकारों की कमाई को लेकर सालों से कई तरह की चर्चाएं होती रही हैं। इस बीच कई बार यह दावा किया जाता रहा कि सीरीज के प्रमुख कलाकारों को प्रति एपिसोड करीब 3 लाख डॉलर (लगभग 2.84 करोड़ रुपए) की फीस दी जाती थी। अब इस मामले पर एक्ट्रेस एमिलिया क्लार्क ने खुद चुप्पी तोड़ी है। एमिलिया क्लार्क के मुताबिक, सीरीज के कलाकारों की कमाई बढ़ा-चढ़ाकर पेश की गई है। एमिलिया ने सीरीज में डेनेरिस टार्गेरियन यानी 'मदर ऑफ ड्रैगन्स' का किरदार निभाया था। एक इंटरव्यू के दौरान एमिलिया क्लार्क से उनकी प्रति एपिसोड फीस को लेकर सवाल किया गया। इस पर उन्होंने हंसते हुए कहा कि उन्हें इतनी बड़ी रकम नहीं मिलती थी।



# परफेक्ट फिगर पाने की ज्यादा कसरत...

**मुंबई।** तापसी पन्नू अपने बयानों को लेकर अक्सर चर्चा में रहती हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने अपनी बॉडी इमेज से जुड़ी मुश्किलों के बारे में बात की है। उन्होंने बताया है कि उन्होंने स्लिम-फिट दिखने के लिए बहुत मेहनत की। इस कोशिश में उन्होंने अपने आपको परेशान किया। उन्होंने अपनी जिंदगी के उस दौर को याद किया जब उन्हें एक खास तरह का दिखने का बहुत ज्यादा दबाव महसूस होता था। तापसी पन्नू ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर बताया 'मुझे याद है कि मुझे सपाट पेट पाने का जुनून था, क्योंकि बड़े होते समय मैं बहुत ज्यादा फिट थी, लेकिन मुझे कभी समझ नहीं आया कि पेट के निचले हिस्से की चर्बी हमेशा क्यों बनी रहती थी। इसे कम करने के लिए मैंने इतनी ज्यादा कसरत की कि मैंने खुद को हद से ज्यादा थका दिया।



# अक्षय-दिशा का गाना ऊंचा लंबा ... रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार आने वाली फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' में 2007 की हिट फिल्म 'वेलकम' के क्लासिक गाने 'ऊंचा लंबा कद' का जादू फिर से बिखेरने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। दिशा पाटनी के साथ अक्षय कुमार ने 'ऊंचा लंबा कद' गाना फिर से रिलीज कर दिया है और नए गाने में चार्म तो बहुत है, लेकिन रिलीज होते ही फैंस मायूस हो गए। इससे पहले, अक्षरा सिंह के साथ ठुमके लगाकर छाने वाले अक्षय को अब नफरत मिल रही है कि उन्होंने दिशा पाटनी को लेकर कटरीना की फिर से याद दिला दी और दिशा उस औरा को छू भी नहीं पाईं जो कटरीना का है। अक्षय कुमार और दिशा पाटनी की शानदार केमिस्ट्री, रंगीन विजुअल्स और जोशीली धुन 'ऊंचा लंबा कद फॉरएवर'को फिल्म के साउंडट्रैक का एक खास आकर्षण बनाती है।

टीवी मसाला




# दूरदर्शन पर पहली बार टेलीकास्ट हुआ था ये कल्ट शो

**नई दिल्ली।** आज के दौर में लोग सिनेमाघर, ओटीटी और यूट्यूब जैसे माध्यमों से मनोरंजन का आनंद लेते हैं। लेकिन, एक वक्त ऐसा भी था, जब बात एंटरटेनमेंट की आती थी तो लोगों के लिए दूरदर्शन टीवी चैनल एकमात्र साधन हुआ करता था। महाभारत, रामायण और शक्तिमान जैसे कई कल्ट धारावाहिक दूरदर्शन की पहचान बने थे। भारतीय मनोरंजन जगत के इतिहास को खंगाला जाए तो दूरदर्शन के रूप में सबसे पुराने टीवी चैनल का नाम सामने आता है, जिसने दशकों तक लोगों को घर बैठे एंटरटेन किया। इसी आधार पर बात की जाए दूरदर्शन के सबसे पहले और पुराने टीवी सो के बारे में तो उसका नाम कृषि दर्शन था। 26 जनवरी 1967 को गणतंत्र दिवस के खास मौके पर दूरदर्शन पर कृषि दर्शन शो को पहली बार प्रसारित किया गया था। इस चैनल की पहली एंकर प्रीतिमा पुरी ने इसका आगाजा किया था। शो के नाम से ही साफ जाहिर होता है कि इसमें भारतीय किसानों को आधुनिक खेती, कृषि-तकनीक और ग्रामीण विकास की अहम जानकारी दी जाती थी। उस वक्त शोज की भरमार कम हुआ करती थी, जिसके तहत कृषि दर्शन भी भारतवासियों के लिए मनोरंजन का अहम साधन बन गया था। इतना ही नहीं कृषि प्रधान भारत देश के किसानों के लिए ये शो काफी महत्वपूर्ण साबित हुआ था, क्योंकि इसमें मौजूद एक्सपर्ट द्वारा मिलने वाली सलाहों से किसानों को खेती में काफी सहायता मिलती थी। दूरदर्शन टीवी चैनल के सबसे अधिक लंबे चलने वाले धारावाहिक के तौर पर भी कृषि दर्शन को याद किया जाता है। इस शो के अब तक 62 सीजन टेलीकास्ट हो चुके हैं, जिनमें 16 हजार 780 एपिसोड मौजूद हैं।

## मुझे पटक-पटक कर मारा : रूपा

**नई दिल्ली।** बीआर चोपड़ा की पॉपुलर टेलीविजन सीरीज महाभारत को आज भी फैंस से उतना ही प्यार मिलता है जितना की सालों पहले दिया जाता था।



इसके किरदार भी खूब फेमस हुए। उन्हीं में से एक हैं द्रौपदी की भूमिका निभा चुकी एक्ट्रेस रूपा गांगुली। महाभारत की बात जब भी आती है तो द्रौपदी के चीर हरण की चर्चा हमेशा होती है। लेकिन, क्या आपको पता है कि आज से 10 साल पहले रूपा गांगुली के साथ बिल्कुल चीर हरण जैसा हादसा हुआ था? जी, हां एक्ट्रेस पर जानलेवा हमला हुआ था जिसे याद कर उनका मन अब भी सिहर जाता है। रूपा गांगुली ने ट्विटर पर इस घटना का जिक्र किया था। द्रौपदी के चीर हरण वाला वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने लिखा ,'मुझे कुछ दिनों से याद आ रहा है, 22 मई 2016 डायमंड हार्बर की वह घटना, जब 17-18 लोगों ने पुलिस को साथ लेकर, मुझे गाड़ी से उतारकर रास्ते पर पटक-पटक कर मारा था।

# मां बनने के बाद बदल जाती हैं बातें : कियारा




**नई दिल्ली।** अभिनेत्री कियारा आडवाणी अपनी अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में वह मां बनी हैं। इस बीच उन्होंने मां बनने के बाद महिलाओं को अक्सर जिन उम्मीदों का सामना करना पड़ता है, उनके बारे में बात की है। उन्होंने इस बात पर गौर किया कि कैसे महिलाओं की प्रेग्नेंसी का जश्न मनाने से हटकर लोगों का ध्यान दूसरी चीजों पर चला जाता है। मां बनने से अपनी जिंदगी में आए बदलावों के बारे में बात करते हुए, कियारा ने कहा 'यह अनुभव हर तरह से बहुत ही अच्छा है। मुझे लगता है कि जो डायरेक्टर अब मेरे साथ काम करेंगे, उन्हें मेरा सबसे बेहतरीन रूप देखने को मिलेगा। मां बनने के इस सफर ने मेरे अंदर दुनिया के प्रति मेरी समझ में एक नया पहलू खोल दिया है।' उन्होंने बताया सबसे दिलचस्प बात यह है कि जब आप प्रेग्नेंट होती हैं, तो हर कोई कहता है, अरे वाह, आप कितनी ग्लो कर रही हैं, आप कितनी खूबसूरत लग रही हैं। मगर, जैसे ही आप बच्चे को जन्म देती हैं, तो बातें बदल जाती हैं। लोग कहते हैं 'अब तो मोटी लग रही है, थोड़ी ऐसी लग रही है, थोड़ी वैसी लग रही है।'

अभिनेत्री ने कहा 'जब आप प्रेग्नेंट होती हैं, तो लोग आपको देवी की तरह पूजते हैं, लेकिन जैसे ही आप बच्चे को जन्म देती हैं, वे उम्मीद करने लगते हैं कि आप तुरंत ही अपनी पुरानी फिटनेस और काम पर वापस लौट आएंगी। महिलाओं के लिए सबसे मुश्किल समय बच्चे के जन्म के बाद का ही होता है। यही वह समय होता है, जब उन्हें सबसे ज्यादा सहारे की जरूरत होती है।' कियारा ने कहा 'कहा जाता है कि एक बच्चे की परवरिश के लिए पूरे गांव की जरूरत पड़ती है। इसी तरह एक मां को संभालने के लिए भी पूरे गांव की जरूरत पड़ती है।' कियारा की अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' चार जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# 43 साल पुरानी वो फिल्म, जिसे देख फूट-फूटकर रोए थे लोग, बच्चों को प्रॉपर्टी देने से डरने लगे थे मां-बाप

**नई दिल्ली।** सिनेमा समाज का आईना होता है। कुछ फिल्में महज एंटरटेनर तक ही सीमित रहती हैं, लेकिन कुछ ऑडियंस के दिलों में घर कर जाती हैं। 43 साल पहले एक ऐसी ही फिल्म आई थी जिसने मां-बाप को इस कदर सहमा दिया था कि वे अपने बच्चों को घर का मालिकाना हक देने से कतराने लगे थे। यह फिल्म जब बनी तो किसी को नहीं पता था कि इसे देखने के बाद ऑडियंस सिसक-सिसककर रोने लगेगी। आज भी अगर टीवी पर यह फिल्म आ जाए तो देखने वाले अपने आंसू नहीं रोक पाते हैं। 43 साल पहले जब यह फिल्म आई तो सिनेमाघरों से निकलने वाले हर शख्स की आंखें नम थी। इस फिल्म ने ऑडियंस पर गहरा प्रभाव छोड़ा था।




## पारिवारिक फिल्म ने कर दिया था भावुक

यह फिल्म राजेश खन्ना की थी। हैंडसम हंक राजेश खन्ना सिनेमा के पहले सुपरस्टार रहे। मगर, जब उनका कॅरियर खतरे में पड़ा, तब यही फिल्म उनके डूबते नाव का सहारा बनी। जिस फिल्म की हम बात कर रहे हैं, वो है अवतार। अमन, अमृत अनजाना और आप आए बहार आए जैसी फिल्में बना चुके मोहन कुमार ने ही अवतार का निर्देशन और निर्माण किया था। फिल्म में राजेश खन्ना ने एक बूढ़े पिता का किरदार निभाया था। उनके साथ लीड रोल में शबाना आजमी थीं। इसके अलावा फिल्म में ए.के. हंगल, सचिन पिलगांवकर, रंजन ग्रेवाल, प्रीति सप्रू, सुजीत कुमार, गुलशन ग्रोवर समेत कलाकार अहम भूमिकाओं में थे।

## बच्चे घर से कर देते हैं बेदखल

फिल्म की कहानी अवतार किशन (राजेश खन्ना) और उसकी पत्नी राधा (शबाना आजमी) की है, जिसके बच्चे उन्हें उनके ही घर से बेदखल कर देते हैं और उन्हें उनके हाल पर छोड़ देते हैं। बुढ़ापे में दर-दर भटकने के बाद दिन-रात एक करके अवतार फिर से सफलता की सीढ़ियां चढ़ता है।

## बॉलीवुड की दूसरी लता : ताउम्र झेला तुलना का दंश, रफी संग गाए 140 गाने

# पर्वतों के पेड़ों पर शाम का बसेरा है, सुरमई उजाला है...

***नई दिल्ली।** आज की सुबह संगीत जगत के लिए एक दुखद खबर लेकर आई। संगीत के स्वर्णिम दौर की एक और आवाज आज खामोश हो गई। सुमन कल्याणपुर (89) ने इस दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया। लता मंगेशकर, आशा भोसले के बाद आज सुमन कल्याणपुर ने भी दुनिया से रुखसती ले ली। वो अपने पीछे 740 गानों की बेशकीमती विरासत छोड़ गई हैं। बांग्लादेश में जन्मीं सुमन हिंदी सिनेमा को वो अध्याय हैं जो स्वर्ण अक्षरों में दर्ज जरूर है। लेकिन, आज भी कइयों ने उसे पढ़ा नहीं है। आज भी ज्यादातर लोग उनकी आवाज पहचान नहीं पाते हैं। लता मंगेशकर और उनकी आवाज में सामानता इतनी रही कि उन्हें दूसरी लता कहा गया। सुरों की मल्लिका का सबसे बड़ा आशीर्वाद ही उनका 'अभिशाप'बन गया। ताउम्र वो लता मंगेशकर के साए से निकल नहीं पाईं। सुमन कल्याणपुर को ताउम्र तुलना का दंश झेलना पड़ा था। दिग्गज संगीतकारों के लिए सुमन कल्याणपुर और लता मंगेशकर की आवाज में फर्क कर पाना कभी-कभी नामुमकिन सा हो जाता था। सुमन कल्याणपुर ने उस दौर में अपनी जगह बनाई, जब हिंदी सिनेमा में पहले से ही कई दिग्गज आवाजें मौजूद थीं। उन्होंने हिंदी सिनेमा में संगीत का सफर इस वक्त शुरू किया जब लता मंगेशकर, आशा भोसले जैसी गायिकाओं का इंडस्ट्री पर राज था। हर फिल्ममेकर और संगीतकार लता मंगेशकर के साथ काम करने की ख्वाहिश रखता था, ऐसे में उस दौर में किसी भी गायिका के लिए अपनी जगह बनाना किसी चुनौती से कम नहीं था।*



## लता से हूबहू मिलती थी आवाज

लता मंगेशकर और सुमन कल्याणपुर की आवाज में फर्क कर पाना लगभग असंभव सा है। 1960 और 1970 के दशक में लता और सुमन के बीच की तुलना चरम पर थी। जब कई बड़े संगीतकार और निर्माता लता मंगेशकर संग काम नहीं कर पाते थे, तो वो सुमन कल्याणपुर का दरवाजा खटखटाने पहुंच जाते थे। उन्हें ज्यादातर गाने तभी मिलते जब स्वरकोकिला किसी कारणवश उन्हें मना कर देती थीं।

## स्वरकोकिला को मानती थीं दोस्त

अब ताउम्र जिससे तुलना हो उस शख्स को नापसंद करना लाजमी है, लेकिन शायद उस स्वर्णिम दौर की ये ही खासियत थी कि हर कलाकार दूसरे कलाकार और उसकी कला की पूरी इज्जत करता था। साल 2022 में पीटीआई को दिए एक इंटरव्यू में सुमन ने लता दीदी को अपनी सबसे करीबी दोस्तों में से एक बताया था। उन्होंने स्वीकार किया था कि वो खुद भी लता मंगेशकर की आवाज की मुरीद थीं। दोनों ने साथ में फिल्म चांद के लिए एक डुएट रिकॉर्ड किया था। उस फिल्म के गाने पर साथ काम करने का अपना अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा था कि वो और लता जी सहेलियां थीं।

***रफी संग हिट थी जोड़ी :*** आज कल तेरे मेरे प्यार के चर्चे, ना ना करते प्यार तुम्हीं से, तुमने पुकारा और हम चले आए, पर्वतों के पेड़ों पर शाम का बसेरा है, दिल एक मंदिर है, ठहरिए होश में आ लूं मोहम्मद रफी के साथ उनके सुपरहिट गाने थे जो आजतक लोगों की जुबां पर चढ़े हुए हैं। दशकों बाद भी इन एवरग्रीन गानों का खुमार कम नहीं हुआ है।

## पढ़ाई, शादी और बच्चे

मुंबई के सेंट कोलंबस स्कूल से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद, सुमन ने चित्रकला की पढ़ाई की और सर जे.जे. स्कूल ऑफ आर्ट में दाखिला लिया। हालांकि, जल्द ही संगीत ही उनका जुनून बन गया। उन्होंने पंडित केशवराव भोले, उस्ताद खान अब्दुल रहमान खान और उस्ताद नवरंग जैसे प्रख्यात गुरुओं से ट्रेनिंग ली, जिसने उनके करियर की नींव रखी। सुमन ने 1958 में बिजनेसमैन रामानंद कल्याणपुर से शादी की। उनके परिवार में उनकी बेटी चारू अग्नि हैं।

## इन भाषाओं में भी बिखेरा आवाज का जादू

कोकिला जैसी मीठी आवाज और सुरों की धनी सुमन कल्याणपुर को दूसरी लता कहा जाने लगा था। कॅरियर में 740 गाने को आवाज देने वाली दिवंगत सिंगर ने हिंदी के साथ ही कई भाषाओं में अपनी सुरीली आवाज का जादू बिखेरा था। उन्होंने बंगाली, मराठी, असमी, कन्नड़ और ओड़िया भाषाओं में भी अपने संगीत के सफर को जारी रखा था। 28 जनवरी, 1937 को अविभाजित भारत के ढाका में जन्मीं सुमन कल्याणपुर हिंदी और मराठी सिनेमा की सबसे प्रसिद्ध सिंगर्स में से एक बनीं। फिल्मी संगीत के अलावा, उनके भजन, गजल, मराठी अभंग और भावगीत भी गाए, जो एक कलाकार के रूप में उनकी पहचान बनी।